भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की नियुक्ति

1733. **श्री अजीत जोगी :**
श्री सुशील बरोंगपा :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान वर्षवार और राज्यवार कितने-कितने व्यक्तियों की नियुक्ति भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के रूप में की गई ; और

(ख) प्रतिवर्ष अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के कितने-कितने व्यक्ति नियुक्त किये गये और ये कुल नियुक्तियों के कितने-कितने प्रतिशत हैं ; और

(ग) इन पदों के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के क्रमशः कितने-कितने प्रतिशत व्यक्तियों का चयन किया गया ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोधकांत सहाय) : (क) और (ख) सूचना अनुलग्नक में दी गई हैं ।

(ग) उम्मीदवारों के पृष्ठभूमि पर सूचना इस मंत्रालय में नहीं रखी जाती है ।

विवरण

1987 से 1989 के दौरान भारतीय पुलिस सेवा के पद पर भर्ती हुये उम्मीदवारों की कुल संख्या

संवर्ग	1987 में भर्ती हुए लोगों की संख्या	1988 में भर्ती हुए लोगों की संख्या	1989 में भर्ती हुए लोगों की संख्या
1 2	3	4	5
1. आन्ध्र प्रदेश . . .	13	6	6
2. ए०जी०एम०यू० . . .	7	6	2
3. असम और मेघालय . .	4	6	7
4. बिहार	16	19	10
5. गुजरात	8	7	2
6. हरियाणा	3	9	2
7. हिमाचल प्रदेश . . .	2	5	7
8. जम्मू और कश्मीर . . .	24	—	2

1	2	3	4	5
9.	कर्नाटक	4	1	8
10.	केरल	7	12	5
11.	मध्य प्रदेश	16	12	7
12.	महाराष्ट्र	8	16	5
13.	मणीपुर और त्रिपुरा	11	5	3
14.	नागालैंड	—	—	24
15.	उड़ीसा	7	7	5.
16.	पंजाब	5	5	2
17.	राजस्थान	6	15	7
18.	सिक्किम	5	1	1
19.	तमिलनाडु	8	6	4
20.	उत्तर प्रदेश	12	8	32
21.	पश्चिम बंगाल	9	18	2
	कुल	175	164	143

	1987	1988	1989
अनुसूचित जाति की संख्या	26	20	20
अनुसूचित जनजाति की संख्या	16	11	21
अनुसूचित जाति का प्रतिशत	14.85	12.20	14
अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत	9.14	6.70	14.69

टिप्पणी :— आंकड़ों में प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं द्वारा चयनित अधिकारी और राज्य पुलिस सेवा अधिकारियों को पदोन्नति द्वारा भारतीय पुलिस सेवा में तैनात किए गए अधिकारी भी सम्मिलित हैं ।